

# विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं डालें स्कूल

**खास बातें**
- नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई
- सीबीएसई स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के सख्त निर्देश
- सुरक्षा, छात्रवृत्ति, खेल और आपदा प्रबंधन पर भी दिया जोर



नवभारत न्यूज

**विदिशा, 30 मई जिले में संचालित सभी सीबीएसई विद्यालयों में विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता तथा शासन के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को समस्त सीबीएसई विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की. बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विद्यार्थी अथवा पालक को किसी विशेष विक्रेता से पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म या अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाए.**

कलेक्टर ने कहा कि निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों को अनिवार्य बनाकर पालकों और विद्यार्थियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं, जिन्हें गंभीरता से लिया गया है. उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा. पाठ्यपुस्तकों, शुल्क निर्धारण और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में शासन के नियमों का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी. बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने आरटीओ को निर्देश दिए कि विद्यालयीन बसों और ऑटो चालकों के चरित्र सत्यापन, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए. उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों द्वारा दोपहिया वाहन चलाकर विद्यालय आने पर प्रभावी रोक लगाने तथा इस संबंध में सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए. महिलाओं की सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) का गठन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में ऐसी समिति का गठन आवश्यक है, जिससे महिलाओं को सुरक्षित और अनुकूल कार्यस्थल उपलब्ध हो सके. छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने फेल्ड बैंक खातों के कारण किसी भी पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति या अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने देने पर जोर दिया. उन्होंने सभी सीबीएसई स्कूल संचालकों और प्राचार्यों को विद्यार्थियों के बैंक खातों की जानकारी अपडेट कराने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

## स्कूल बैग के बढ़ते वजन का मुद्दा भी प्रमुख

बैठक में विद्यार्थियों के स्कूल बैग के बढ़ते वजन का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया.कलेक्टर ने कहा कि बच्चों पर अनावश्यक शैक्षणिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिए और स्कूल बैग का भार शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रखा जाए। इसके साथ ही सभी विद्यालयों को अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने, फायर एनओसी प्राप्त करने तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए. अपार आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विद्यालयों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड भविष्य में विभिन्न शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों तथा अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. बैठक में नवोदय विद्यालय शमशाबाद एवं केंद्रीय विद्यालय में विद्युत कनेक्शन से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर ने एमपीईबी अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. खेल गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले का प्रत्येक विद्यालय किसी न किसी खेल विधा में उत्कृष्टता प्राप्त कर अपनी अलग पहचान बनाए. उन्होंने विद्यालयों को खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के निर्देश दिए.



## अवैध खनिज उत्खनन पर कार्रवाई

- अहमदानगर में दो डंपर, पोकलेन और जेसीबी जब्त
- खनिज विभाग को सौंपे जाएंगे वाहन

नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 मई, कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है. इसी क्र म में ग्राम अहमदानगर में बिना अनुमति खनिज उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर, एक पोकलेन मशीन तथा एक जेसीबी को जब्त किया है.** नायब तहसीलदार ओम बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम अहमदानगर क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई.जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों के पास खनिज उत्खनन एवं परिवहन के लिए आवश्यक अनुमति एवं वैध दस्तावेज नहीं पाए गए. प्रशासनिक दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खनिज परिवहन में प्रयुक्त दो डंपरों, उत्खनन कार्य में लगी एक पोकलेन मशीन तथा एक जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया. जब्त किए गए दोनों डंपरों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए करारिया थाना ले जाया गया है.साथ ही प्रकरण को अग्रिम कार्रवाई हेतु खनिज विभाग को सुपुर्द किया जा रहा है. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सतत निगरानी रखी जा रही है.

**एक नजर में**

### प्राचीन जिंद बावड़ी को पुनर्जीवित करने जनसहयोग की अपील

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** मां कर्मा देवी चौराहा स्थित गणगौर वाले बाग के समीप प्राचीन जिंद बावड़ी को पुनर्जीवित करने के लिए जनसहयोग से विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है. सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह बावड़ी केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत है, जो वर्षों की उपेक्षा के कारण बदहाल हो चुकी है.अभियान से जुड़े लोगों के अनुसार बावड़ी की सफाई के लिए नियमित रूप से कम से कम 25 लोगों की आवश्यकता है. उनका दावा है कि यदि 50 नागरिक प्रतिदिन 1 से 1.5 घंटे का श्रमदान करें तो एक सप्ताह में बावड़ी के स्वरूप में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है.नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनने तथा अपना नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज कराने की अपील की गई है. श्रमदान का समय प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक निर्धारित किया गया है. अभियानकर्ताओं ने इसे जल संरक्षण और ऐतिहासिक धरोहर बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है.

### संगठन सृजन अभियान को लेकर वरिष्ठ नेताओं संग की बैठक

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महामंत्री संजय कामले ने विदिशा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन सृजन अभियान और पायलट प्रोजेक्ट-2 पर चर्चा की. बैठक में पंचायत एवं वार्ड कमेटियों के गठन, सत्यापन तथा संगठनात्मक समीक्षा पर विचार-विमर्श किया गया.

## सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा

**कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निराकरणों में कसावट लाने के दिए निर्देश**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज शनिवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज लंबित आवेदनों के निराकरण की प्रगति की गहन समीक्षा की.बैठक में विशेष रूप से 300 से 500 दिवस से लंबित शिकायतों एवं आवेदनों पर फोकस करते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए.**

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागवार लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर अद्यतन जानकारी प्राप्त की. अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों में लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की गई.कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराते हैं.इसलिए प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, तथ्यात्मक एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबे समय से लंबित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके. शिकायतों के निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा बिना तथ्यात्मक परीक्षण के प्रकरणों का निराकरण न किया जाए.कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से सतत संवाद बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें. कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा.

### विदिशा में आज जुटेंगे प्रदेशभर के ताईक्कांडो खिलाड़ी

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** मध्य प्रदेश के ताइक्कांडो खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है. खेल एवं युवा कल्याण विभाग स्टेडियम, विदिशा में आज 31 मई को मध्य प्रदेश सीनियर ताइक्कांडो चयन ट्रायल्स-2026 का आयोजन किया जाएगा. इंडियन ताइक्कांडो फेडरेशन के बैनर तले आयोजित इस चयन प्रक्रिया में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे.ताइक्कांडो कल्याण संघ विदिशा के सचिव पंकज भार्गव ने बताया कि चयन ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश की मुख्य टीम में किया जाएगा. चयनित खिलाड़ी आगामी 5वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो चैंपियनशिप एवं प्रथम टैग टीम चैंपियनशिप-2026 में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे.

## विदिशा पुलिस में बड़ा फेरबदल, 21 प्रधान आरक्षक और 78 आरक्षकों के बदले थाने

- लंबे समय बाद पुलिस अधीक्षक ने किया व्यापक तबादला
- पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की कवायद

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले के पुलिस महकमे में लंबे समय बाद बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के आदेश पर 21 प्रधान आरक्षकों और 78 आरक्षकों के तबादले कर उन्हें विभिन्न थानों एवं शाखाओं में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. एक साथ इतने बड़े पैमाने पर किए गए स्थानांतरण को पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक कदम माना जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मियों के लंबे समय से लंबित तबादला आवेदनों, पारिवारिक परिस्थितियों तथा विभागीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है. कई पुलिसकर्मी लंबे समय से अपने स्थानांतरण का इंतजार कर रहे थे, जिनकी मांगों पर विचार करने के बाद यह व्यापक फेरबदल किया गया है. पुलिस विभाग के सूत्रों का कहना है कि थानों में कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने, पुलिस नेटवर्क को मजबूत करने तथा कानून-व्यवस्था की निगरानी को बेहतर करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है. विभिन्न थानों में अनुभवी और कार्यकुशल पुलिसकर्मियों की तैनाती से पुलिसिंग व्यवस्था में और अधिक कसावट आने की उम्मीद जताई जा रही है.

बताया जाता है कि जिले के कई थानों में लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ पुलिसकर्मियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इससे जहां कार्य में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा, वहीं पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी. स्थानांतरण सूची जारी होने के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों ने अपने नए पदस्थापन स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने की तैयारी शुरू कर दी है. वहीं कई पुलिसकर्मी अपनी पसंद के स्थान मिलने से संतुष्ट नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ को नई जिम्मेदारियों के साथ नई चुनौतियों का सामना करना होगा.

### विदिशा पुलिस के 15 आरक्षक बने प्रधान आरक्षक

जिले के विभिन्न थाना एवं इकाइयों में पदस्थ 15 आरक्षकों को उनकी वरिष्ठता, सेवा अनुभव एवं विभागीय पात्रता के आधार पर प्रधान आरक्षक (कार्यवाहक) पद का दायित्व सौंपा गया. यह पदोन्नति उनकी वर्षों की कर्तव्यनिष्ठ सेवा, मेहनत और समर्पण का सम्मान है तथा पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. पदोन्नति प्राप्त पुलिसकर्मियों में रामशंकर कुशवाह, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, मलखान सिंह ठाकुर, दीपक ठाकरे, ममता लोधी, के हेमन्त कुमार नायक, के नंदराम अहिरवार, जय कुमार श्रीवास्तव, के कृष्ण कुमार मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, महेश कुमार भील, अखिलेश शुक्ला, अरविन्द पाठक, कमल सिंह रघुवंशी तथा भूपेन्द्र शर्मा शामिल हैं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार की पदोन्नति न केवल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाती है, बल्कि बेहतर पुलिसिंग, प्रभावी कार्यप्रणाली और जनसेवा के प्रति समर्पण को भी नई ऊर्जा प्रदान करती है.

## तुलावट जागरुकता कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध होकर यूनियन पंजीयन कराने का लिया निर्णय**




नवभारत न्यूज

**विदिशा. कृषि उपज मंडी समिति परिसर में तुलावट जागरूकता कल्याण संघ की बैठक भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई. बैठक में मंडी के तुलावटों ने संगठन की मजबूती और श्रमिक हितों के संरक्षण पर चर्चा करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया.**

बैठक को संबोधित करते हुए विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने तुलावट भाइयों को संगठित होने का संदेश दिया. उन्होंने ट्रेड यूनियन की आवश्यकता और महत्व बताते हुए कहा कि श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकता बेहद जरूरी है. उन्होंने सभी से राष्ट्रवादी श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ से जुड़ने का आह्वान किया.श्री सोनी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी. बैठक में उपस्थित तुलावटों ने एकमत होकर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध होकर शीघ्र ही यूनियन का पंजीयन कराने का संकल्प लिया.बैठक में विनोद अहिरवार, कमलेश साहू और कमलेश अहिरवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठन की मजबूती पर बल दिया.

### सर्वसम्मति से हुआ नई कार्यकारिणी का गठन

बैठक के अंत में तुलावट जागरूकता कल्याण संघ की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया. इसमें राजा पाल को अध्यक्ष तथा गजेंद्र अहिरवार को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया.उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश अहिरवार, इमरत लाल चौधरी, ताराचंद अहिरवार एवं अब्दुल सलीम को जिम्मेदारी सौंपी गई. शेर सिंह अहिरवार को महामंत्री बनाया गया, जबकि भूपेंद्र पंथी को संयुक्त महामंत्री नियुक्त किया गया.मंत्री पद पर बुंदेल सिंह सिलावट, धर्मेंद्र कुशवाहा, पप्पू अहिरवार एवं राजू प्रभाकर को जिम्मेदारी दी गई. रमेश लोधी को कोषाध्यक्ष, लीलाधर अहिरवार को कार्यालय मंत्री तथा सौरभ अहिरवार को प्रचार मंत्री बनाया गया.संघ के संरक्षक पद पर महेंद्र सोनी को नियुक्त किया गया. बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया.

### 12 साल बेमिसाल, भाजपा की कार्यशाला 1 जून को

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. यह अभियान विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जाएगा. भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि अभियान की रूपरेखा तैयार करने एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए 1 जून 2026 को शाम 4 बजे भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया है.उन्होंने बताया कि कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे. बैठक में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रणनीति एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी.अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन भी किया गया है. इसमें जिला महामंत्री अनिल सोनकर को संयोजक तथा रामकृष्ण मीणा को सहसंयोजक बनाया गया है.

## कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष बने श्रीवास्तव

**भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में सर्वसम्मति से हुआ मनोनयन, समाजजनों ने दीं शुभकामनाएं**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. नगर से सटे ग्राम बेहलोट स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के नए अध्यक्ष के रूप में राधाकृष्ण पुरम निवासी एवं सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया.**

इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव ने नव नियुक्त अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत और सम्मान किया. कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे.समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदीप श्रीवास्तव लंबे समय से भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहभागिता निभाते रहे हैं तथा समाज सेवा के कार्यों में उनका विशेष योगदान रहा है. उनके सेवाभाव, समर्पण और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए उन्हें समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया.इस अवसर पर महेश नारायण श्रीवास्तव, कैलाश नारायण श्रीवास्तव, अवधेश नारायण श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, शिव नारायण सक्सेना, रामबाबू श्रीवास्तव, दीपक निगम, एडवोकेट राजेश सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, उमेश माथुर, विपुल खरे, नितीश कुमार श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, राहुल माथुर, रवि माथुर, राजकुमार श्रीवास्तव (सरपंच), इंद्रेश सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, ज्ञानू श्रीवास्तव, अभिषेक माथुर, आशीष श्रीवास्तव सहित समाज की मातृशक्ति ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

**कार्यवाही**

**शहर के मेन मार्केट में की जा रही थी अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही**

## अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही को लेकर प्रशासन व्यापारी आमने-सामने

**कार्यवाही पर व्यापारियों ने जताई आपत्ति**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज में शनिवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए मेन मार्केट में की जा रही कार्यवाही के दौरान प्रशासन एवं व्यापारियों आमने सामने आ गए. इस दौरान व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यवाही पर आपत्ति जताई. जिसके बाद नाराज व्यापारी सिरोंज व्यापार महासंघ के तत्वाधान में थाने पहुंच गये. जहां पर प्रशासन के अधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच चर्चा हुई. जिसके बाद आपसी सहमति के बाद मामला शांत हो सका.**

जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा शनिवार को शहर के मुख्य बाजार में कोर्ट गेट से कठाली बाजार तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही थी. इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ की मौजूदगी में प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी टीम मेन मार्केट में पहुंची. जहां पर अतिक्रमण विरोधी टीम द्वारा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई. इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा चालानी कार्रवाई करने के साथ ही अतिक्रमण में रखे सामान को जप्त करने की भी कार्यवाही की गई. प्रशासन की इस कार्यवाही से व्यापारी आक्रोशित हो गए. इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित हो गए. व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यवाही पर आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा बिना सूचना के कार्यवाही की जा रही है. वहीं पूर्व में व्यापारियों एवं प्रशासन के बीच हुई चर्चा का भी पालन नहीं हो रहा है. इसके बाद आक्रोशित व्यापारी एकत्रित होकर व्यापार महासंघ सिरोंज के तत्वाधान में थाने पहुंच गये. जहां पर उन्होंने तहसीलदार, एसडीओ पुलिस, सीएमओ, थाना प्रभारी की मौजूदगी में प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की. इस दौरान व्यापारियों ने प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया. जिसके बाद प्रशासन एवं व्यापारियों के बीच हुई चर्चा के बाद मामला शांत हो सका. इस संबंध में व्यापार महासंघ सिरोंज के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने बताया कि प्रशासन द्वारा मेन मार्केट में बिना सूचना के कार्यवाही की जा रही थी. वहीं व्यापारियों को सामान की जप्ती भी नहीं दी गई. साथ ही पूर्व में प्रशासन एवं व्यापारियों के बीच हुई चर्चा का भी पालन नहीं हो रहा था. जिससे व्यापारियों में नाराजगी थी. इसके बाद व्यापार महासंघ सिरोंज के तत्वाधान में व्यापारियों ने थाने पहुंचकर अधिकारियों से चर्चा की है.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार...

सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि प्रशासन की संयुक्त टीम तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीएमओ एवं पुलिस बल की मौजूदगी में आज कोर्ट गेट से कठाली बाजार तक का अतिक्रमण हटा रही थी. प्रशासन द्वारा बाजार को व्यवस्थित करने के लिए कार्यवाही की जा रही थी. जिसको लेकर व्यापारियों ने नाराजगी जताई है. इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच चर्चा हुई है. व्यापारियों द्वारा नाली के बाहर सामान नहीं रखने पर सहमति दी गई है. वहीं नालियों के ऊपर पटिया को भी ऊंचाई पर लगाने की सहमति दी गई है. जिससे नालियों की साफ सफाई हो सके तथा लोग दुकान पर आसानी से आ जा सके. उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है. तथा लोगों को अतिक्रमण नहीं करने की सूचना दी जा रही है. प्रशासन द्वारा शनिवार को हुई कार्यवाही के दौरान 8 चालान बनाए गए हैं.

